शुक्रवार
10 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



एसपी की चेतावनी... बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वालों पर होगी कार्रवाई 2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# उत्तर प्रदेश में पहली बार अंतर्देशीय राजमार्ग प्राधिकरण के गठन के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

- अयोध्या को योगी सरकार की सौगात, तीर्थ विकास परिषद का गठन, मंदिर म्यूजियम और अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान को मिली मंजूरी
- योगी के नेतृत्व में पहली बार हुई अयोध्या में कैबिनेट की बैठक

**केटी न्यूज ब्यूरो/अयोध्या**



दीपोत्सव से पहले भगवान राम की नगरी अयोध्या गुरुवार को एक और ऐतिहासिक पल की गवाह बनी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहली बार अयोध्या में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 14 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। सबसे खास बात ये रही कि स्वयं सीएम योगी ने कैबिनेट से पास प्रस्तावों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट में पास प्रस्तावों के केंद्र में अयोध्या ही रही, जहां अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन के साथ ही यहां 25 एकड़ भूमि में मंदिर म्यूजियम बनाने, अयोध्या शोध संस्थान को अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान का दर्जा देने के साथ ही विभिन्न मेलों को राजकीय मेलों का दर्जा दिए जाने संबंधी प्रस्तावों पर मुहर लगी। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या एक नए युग की ओर जा रही है। पूरी दुनिया आज अयोध्या की तरफ आकर्षित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।

**एक्सपोर्ट का हब बनेगा उत्तर प्रदेश:** श्रीराम संग्रहालय में कैबिनेट की बैठक खत्म होने के बाद सीएम योगी ने पास हुए प्रस्तावों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सबसे पहला प्रस्ताव उत्तर प्रदेश में पहली बार अंतर्देशीय राजमार्ग प्राधिकरण के गठन का था, जिसे मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बारे में ये कहा जाता था कि यह एक लैंड लॉक प्रदेश है। दुनिया के उन देशों ने प्रगति की जिनके पास जलमार्ग है। देश के अंदर भी वो राज्य आगे बढ़ रहे थे जिनके पास जलमार्ग था जो एक्सपोर्ट की सुविधा प्रदान करते थे। इनलैंड वाटरवे अथॉरिटी उत्तर प्रदेश में जल यातायात को बढ़ावा देने में मदद करेगी। इसके माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स की एक्टिविटीज को भी तेजी से आगे बढ़ाने, पर्यटन की सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश को एक्सपोर्ट के एक हब के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। यूपी में 12 के लगभग नदियां ऐसी हैं जो जल यातायात के लिए बहुत मायने रखती हैं। जैसे गंगा, यमुना, सरयू, राप्ती, गोमती, इन सभी नदियों में ये सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं। इसलिए ये अथॉरिटी भारत सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी और उत्तर प्रदेश को अपने परंपरागत उत्पादों को दुनिया के मार्केट में पहुंचाने के लिए सुविधा विकसित होगी।

### अयोध्या, देवीपाटन, शुक्रतीर्थ विकास परिषद का होगा गठन

सीएम ने योगी ने कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनने के बाद श्रद्धालु और भक्तों की जो बड़ी संख्या यहां आने वाली है उसको ध्यान में रखते हुए यहां पर श्री अयोध्या धाम तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। यहां के पर्व, त्योहार और व्यवस्थाओं को अच्छे ढंग से पूर्ण करने के लिए स्थानीय स्तर पर, राज्य स्तर पर और केंद्र सरकार के सहयोग से और अन्य धर्मार्थ संस्थाओं के साथ मिलकर इनको आगे बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही मां पाटेश्वरी धाम देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन की प्रक्रिया के प्रस्ताव को भी यहां पास किया है। यह एक महत्वपूर्ण तीर्थ है, जहां नेपाल से जुड़े हुए श्रद्धालु नवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आते हैं। शुक्रतीर्थ विकास परिषद के प्रस्ताव को भी पारित किया गया है।

### दीपोत्सव और देव दीपावली को राजकीय मेले का दर्जा

सीएम योगी ने बताया कि कैबिनेट ने प्रदेश में होने वाले विभिन्न मेलों के प्रांतीयकरण के प्रस्ताव को भी पारित किया है। हाथरस में दाउजी महाराज की स्मृति में होने वाले ब्रज की द्वार देहरी लक्खी मेले को राजकीय मेले का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अयोध्या में जितने भी मेले लगेंगे चाहे वो कार्तिक पूर्णिमा का मेला हो, रामनवमी, दीपोत्सव या मकर संक्रांति और वसंत पंचमी का मेला हो, इन सभी को राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है, ताकि आने वाले समय में इनके आयोजन में धन की कमी न होने पाए। इसके अलावा बुलंदशहर के अनूपशहर में होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले, काशी में देव दीपावली के कार्यक्रम को भी राजकीय मेले का दर्जा दिया गया है।

### योगी कैबिनेट ने दी ड्रोन पॉलिसी को मंजूरी

कैबिनेट ने ड्रोन पॉलिसी को भी मंजूरी दी है। सीएम योगी ने कहा कि ड्रोन आज बहुत उपयोगी हो चुका है। फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के साथ-साथ एग्रीकल्चर और सिक्योरिटी के क्षेत्र में इसका उपयोग हो रहा है। इसके दुरुपयोग की भी आशंका है, इसलिए राज्य सरकार ने भारत सरकार के सिविल एविएशन एक्ट के अंतर्गत इस पॉलिसी के लिए राज्य स्तर पर एक नियमावली लागू कर रहे हैं। नियमावली के तहत ड्रोन की गतिविधियों को थाना स्तर से भी निगरानी की जा सकेगी कि वहां कितने ड्रोन मौजूद हैं, किस तरह के उपयोग के लिए हैं। राज्य के अंदर भी भी रेड, ग्रीन और येलो जोन निर्धारित करने के लिए भी कार्यवाही की जाएगी। रेड जोन नो फ्लाई जोन होते हैं, जहां कोई गतिविधि संचालित नहीं हो सकती।

## बिहार विधानसभा में पेश किए गए आरक्षण बिल का बीजेपी ने भी किया समर्थन

# बिहार में जातियों का आरक्षण बढ़ाकर 65% करने का प्रस्ताव बिना किसी विरोध के पास

- सदनों से पारित होने के बाद ये विधेयक स्वीकृति के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट आने के बाद रिजर्वेशन का दायरा बढ़ाए जाने की घोषणा की थी

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण की सीमा बढ़ाए जाने से जुड़े बिल को विधानसभा की मंजूरी मिल गई है। इसे ध्वनि मत के जरिए सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। बिल में आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 फीसदी करने का प्रस्ताव है। इडब्लूएस आरक्षण को मिलाकर यह 75 फीसदी हो जाएगा। इस बिल का बीजेपी ने भी समर्थन किया है। लोकसभा चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार का ये कदम बड़ा दांव माना जा रहा है।

बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक- 2023 पेश किया गया था। इसमें सरकारी सेवाओं में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 15 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण दिए जाने की व्यवस्था है। सदनों से पारित होने के बाद ये विधेयक स्वीकृति के लिए राज्यपाल को भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जाति आधारित सर्वेक्षण रिपोर्ट आने के बाद रिजर्वेशन का दायरा बढ़ाए जाने की घोषणा की थी। इसके बाद कैबिनेट ने भी इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी। विधेयक के अनुसार, एसटी के लिए मौजूदा आरक्षण दोगुना कर किया जाएगा, जबकि एससी के लिए इसे 16 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 फीसदी किया जाएगा। वहीं, ईबीसी के लिए आरक्षण 18 फीसदी से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तो ओबीसी के लिए आरक्षण को 12 फीसदी से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया जाएगा।

दरअसल, बिहार विधानमंडल में जाति सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करने के कुछ घंटों बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कैबिनेट की बैठक की। इसमें पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए राज्य में आरक्षण 75 प्रतिशत तक बढ़ाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इसके बाद इसे सदन से भी पारित करा लिया गया।

**जनरल कोटे में बचा 25%:** मुख्यमंत्री ने सदन में प्रस्ताव रखा था कि सर्वेक्षण के मुताबिक एससी जो आबादी का 19.7 प्रतिशत है, को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए जो मौजूदा 16 प्रतिशत से अधिक है। एसटी, जिनकी जनसंख्या में हिस्सेदारी 1.7 प्रतिशत है, का आरक्षण एक प्रतिशत से दोगुना कर दो प्रतिशत किया जाना चाहिए। ओबीसी, जो आबादी का 27 प्रतिशत है और उन्हें 12 प्रतिशत आरक्षण मिलता है, जबकि अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) जो कि आबादी का 36 प्रतिशत हैं, उन्हें 18 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। नीतीश ने प्रस्ताव रखा कि दोनों समुदायों को एक साथ 43 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। इन बढ़ोतरी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण शामिल नहीं है।

## जीतन राम मांझी पर भड़के नीतीश... बोले- मेरी गलती थी कि इस आदमी को सीएम बना दिया

**केटी न्यूज/पटना**



इसको कोई आइडिया है, ये तो मेरी गलती है जो इस आदमी को हमने बना दिया था मुख्यमंत्री। कोई सेंस नहीं है इसको। ऐसे ही बोलता रहता है, कोई मतलब नहीं है। बिहार विधानसभा में पूर्व सीएम जीतन राम मांझी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क गए। पूरा मामला आरक्षण कोटा बढ़ाने पर चर्चा के दौरान हुआ, जब जीतन राम मांझी बोलने के लिए खड़े हुए। सरकार को सलाह दे रहे थे कि आरक्षण कोटा बढ़ाने से ग्राउंड पर कोई फायदा नहीं हो रहा है तो इसे लेकर कोई पॉलिसी बनाने की जरूरत है। इतना सुनते ही नीतीश कुमार भड़क गए।

बिहार विधानसभा में मामले की शुरूआत तब हुई, जब पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि 'अनुसूचित जाति को 1950 के आरक्षण मिल रहा है लेकिन आज तक सरकारी नौकरियों में इस तबके की हिस्सेदारी सिर्फ 3 प्रतिशत है। आरक्षण आप बढ़ा दिए सैद्धांतिक रूप में कौन नहीं चाहेगा की बढ़े, लेकिन धरातल पर क्या है, इसके बारे में भी कोई मैकेनिज्म डेवेलप करना चाहिए। जो सरकार ने आजतक मैकेनिज्म डेवेलप नहीं किया है। इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। इसलिए महोदय मैं कहना चाहता हूं...।'

जीतन राम मांझी के इतना बोलते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खड़े हो गए। नीतीश कुमार के खड़े होते ही जीतन राम मांझी अपनी बात पूरा किए बगैर अपनी सीट पर बैठ गए। इसके बाद जब नीतीश कुमार ने बोलना शुरू किया तो काफी अग्रेसिव हो गए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को लेकर नीतीश कुमार ने कहा कि आपको कुछ समझ में नहीं आ रहा है, इनको कुछ आइडिया है? ये तो मेरी गलती है कि इस आदमी को मैंने बना दिया था मुख्यमंत्री। कोई सेंस नहीं है इसको। ऐसे ही बोलते रहता है कोई मतलब नहीं है। हम कह रहे थे कि आप ही लोगों के साथ रहिए, भाग कर चला आया था साथ पार्टी में, यही जानकर भगा दिए उधर।

### बीजेपी के विधायकों पर भी भड़के नीतीश कुमार

बीच-बीच में जीतन राम मांझी बोलते रहे कि महोदय बहुत गलत हो रहा है। मगर, नीतीश कुमार बोलते चले गए। उन्होंने कहा कि 'ये जो प्रचारित करता है...। इसके बाद मांझी के समर्थन में बीजेपी के विधायक बोलने लगे। फिर नीतीश कुमार भाजपा विधायकों की ओर मुड़े और बोले कि '2013 में जब आप लोगों को छोड़ दिए थे तो हम इसको (जीतन राम मांझी) बना (मुख्यमंत्री) दिए थे। दो ही महीने में हमारी पार्टी के लोग कहने लगे कि ये गड़बड़ है तो हम इसको हटा दिए थे और फिर हम बन (मुख्यमंत्री) गए थे। अब कहते रहता है कि मैं भी मुख्यमंत्री था। अरे, ये क्या मुख्यमंत्री था। ये तो मेरी मूर्खता से मुख्यमंत्री बना।'

## केवल दिल्ली नहीं, पूरे देश में बैन होना चाहिए पटाखा: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/वाराणसी**




सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को बैन करने के मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि हमने जो पिछले आदेश दिए थे वो केवल दिल्ली भर के नहीं थे। पटाखों को बैन करने का हमारा आदेश पूरे देश के लिए था। उन्होंने कहा, हमने अपने पुराने आदेश में पटाखों पर पूर्ण रोक का मसला स्थानीय सरकार पर छोड़ा था, लेकिन हॉस्पिटल जैसी स्वास्थ्य के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर पटाखे न चलाने, पटाखे चलाने की समय सीमा तय करने के लिए कहा था। एनसीआर में आने वाले राजस्थान के इलाकों के लिए दिल्ली-एनसीआर वाले नियम लागू होंगे। यानी पटाखों पर रोक रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह दिल्ली एनसीआर समेत देश भर के अन्य शहरों में बढ़ते प्रदूषण के मामले की सुनवाई कर रहे थे। पंजाब में पराली जलाने, देश के बाकी हिस्सों में अन्य कारणों से प्रदूषण के स्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए अदालत ने कहा, यह सिर्फ अदालत का काम नहीं है कि वह प्रदूषण को रोके, ये सभी की जिम्मेदारी है खासकर सरकार की सबसे ज्यादा जवाबदेही है।

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर कहा, सरकार पराली जलाना रोके। वह पराली जलाना कैसे रोकती है इसके बारे में वह नहीं जानते पर पंजाब सरकार पराली जलाना रोके।

## पाकिस्तान की ओर से फायरिंग में भारत का एक जवान शहीद

**जम्मू।** पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में सीमा पर एक बार फिर फायरिंग की गई, जिसमें सीमा सुरक्षा बल का जवान शहीद हो गया। जम्मू-कश्मीर के सांभा जिले के रामगढ़ सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजरों ने गोलीबारी की। हालांकि पाकिस्तानी गोलीबारी का जवाब बीएसएफ ने भी दिया है। बीएसएफ की ओर से जारी ने एक बयान में कहा गया कि 8-9 नवंबर की रात पाकिस्तान रेंजर्स ने रामगढ़ इलाके में बिना उकसावे गोलीबारी की, जिसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया है। बीएसएफ के एक जवान को गोली लगी और उसे तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पिछले 24 दिनों में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में भारतीय सीमा पर तीन बार बिना उकसावे सीज फायर का उल्लंघन किया है।




## दीपावली, भैया दूज और छठ पर्व को स्वच्छता के साथ मनाने के लिए योगी सरकार की पहल

# त्योहारों पर चलेगा 'स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली' अभियान

- सभी नगरीय निकायों में अभियान के तहत प्रस्तावित गतिविधियों के संचालन के लिए जारी की गई एसओपी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

दीपावली, भैया दूज और छठ जैसे त्योहारों को देखते हुए योगी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत त्योहारों को स्वच्छता के साथ मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के राज्य मिशन निदेशक की ओर से सभी नगर आयुक्तों को अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों के संचालन से संबंधित एसओपी जारी कर दी है। एसओपी में स्वच्छ दीपावली हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छ दीपावली रील्स, आरआरआर सेंटर्स, स्वच्छ त्योहार, स्वच्छ सारथी क्लब एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक के उत्पादों के विरूद्ध अभियान जैसी गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि एसओपी के आधार पर समस्त निकायों में गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जाए।

### चलाए जाएंगे ये अभियान

**स्वच्छ दीपावली हस्ताक्षर अभियान:** सभी निकायों में दीपावली से पूर्व एवं दीपावली के अवसर पर समस्त सार्वजनिक स्थलों (सरकारी कार्यालयों, बाजारों, शैक्षिक संस्थानों व अन्य) में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त mygov.in पर नागरिकों को प्रण लेकर सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

**स्वच्छ दीपावली रील्स:** समस्त निकायों द्वारा दीपावली के अवसर पर स्वच्छता के प्रति नवाचार के माध्यम से स्वच्छ दीपावली मनाए जाने के 30 से 60 सेकेंड की वीडियो रील्स बनाई जाएगी जिसको निकाय अपने सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट करेंगे।

**आरआरआर सेंटर्स:** समस्त निकायों पर बने आरआरआर सेंटर्स को इस स्वच्छ दीपावली के अंतर्गत उपयोग में लाया जाएगा जिसका वृहद रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए नागरिकों को 3आर कांसेप्ट के प्रति जागरुक किया जाएगा एवं घरों में व आस-पास स्वच्छता का संदेश दिया जाएगा।

**स्वच्छ त्यौहार:** आगामी त्योहारों को मनाए जाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार किया जाएगा तथा वैकल्पिक चीजों जैसे कि जूट के बैग, कपड़े के बैग इत्यादि को इस्तेमाल में लाया जाएगा। स्वच्छ त्यौहारों प्रमुखतः धनतेरस के अवसर पर समस्त निकायों को वोकल फॉर लोकल कैंपेन के तहत स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। निकाय स्तर पर एलईडी वैन, स्मार्ट सिटी के अंतर्गत स्मार्ट होर्डिंग द्वारा स्वच्छ दीपावली व अन्य स्वच्छता से संबंधित ऑडियो/वीडियों प्रसारित किए जाएंगे। 31 निकायों में जल दीपावली कार्यक्रम भी 7-9 नवंबर के मध्य मनाया जा रहा है।

**स्वच्छ सारथी क्लब:** स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में स्वच्छ दीपावली, शुभ दीपावली अभियान के प्रति जागरुकता के लिए रंगोली प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के तहत रिसाइकिल मैटेरियल से उत्पादों को तैयार कर निकाय स्तर पर प्रदर्शनी लगाकर प्रोत्साहित किया जाएगा। स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के प्रांगण में ट्विन बिन्स (हरा गीले कूड़े हेतु एवं नीला सूखे कूड़े हेतु) रखे जाएंगे। छात्रों को कचरे का पृथक्कीकरण के विषय में जागरुक किया जाएगा। स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्द्धा कराई जाएगी, जिसमें उच्च प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

# एसपी की चेतावनी... बिना लाइसेंस पटाखा बेचने वाले दुकानदारों पर होगी कार्रवाई

- रात दस बजे के बाद पटाखा जलाने पर रहेगी रोक
- एसपी ने सभी थानाध्यक्षों को दिया जांच और कार्रवाई करने का निर्देश
- धनतेरस, दीपावली और छठ महापर्व के अवसर पर विभिन्न जगहों पर तैनात रहेंगे पुलिस बल

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर पुलिस सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त त्योहार मनाने की तैयारी में जुटी है। उसे लेकर देर रात में पटाखे जलाने पर रोक लगा दी गयी है। तेज आवाज वाले पटाखों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिना लाइसेंस के पटाखे बेचने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही चोरी-छिनतई और हादसों को रोकने को लेकर भी चिन्हित जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। रेलवे लाइन और स्टेशन सहित भीड़ भाड़ वाले इलाकों पर खास नजर है। उसे लेकर एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से थानाध्यक्षों को कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाने को तैयार है। उसके लिए एहतियात के तौर पर कुछ कदम उठाए गए हैं। ध्वनि प्रदुषण को देखते हुए रात दस बजे के बाद पटाखे छोड़ने पर रोक लगाई गई है। काफी तेज आवाज वाले पटाखे छोड़ने पर भी पाबंदी रहेगी। बिना लाइसेंस पटाखे बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को रोका जा सके। कहा कि बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। किसी भी हाल में बिना लाइसेंस के पटाखे नहीं बेचे जाएंगे। थानाध्यक्ष अपने इलाके में पटाखे बेचने वालों पर नजर रखेंगे और बिना लाइसेंस पटाखे बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

### रात 10 बजे के बाद पटाखा छोड़ने पर होगी कार्रवाई

थानाध्यक्षों को रात दस बजे के बाद पटाखे छोड़ने वालों पर भी नजर रखने और कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पर्व त्योहार को मौसम में अपराध कर्मी भी सक्रिय हो जाते हैं। उसे देखते हुए चोरी और छिनतई जैसी घटनाओं पर रोक लगाने को गश्त तेज करने का निर्देश दिया गया है। पर्व त्योहार में बाहर से गांव आने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल लाइन एवं स्टेशनों के आसपास गश्त बढ़ा दी गयी है। उसमें रेल पुलिस की भी मदद ली जा रही है। स्पेशल ट्रेनों की सूची भी रेल प्रशासन से मांगी गयी है, ताकि ट्रेनों के आने के समय पर गश्त बढ़ाई जा सके।

### चयनित जगहों पर हो रही है पुलिस बल की तैनाती

धनतरेस, दीपावली और छठ महापर्व को लेकर भी पुलिस की सक्रियता बढ़ा दी गयी है। चयनित जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। ताकि लोग पर्व का आनंद बिना किसी भय के उठा सकें। नये जवानों को भी लगाया जा सकता है। उसके अलावा खतरनाक छठ घाटों की भी पहचान की जा रही है। ताकि सुरक्षा के बंदोबस्त किए जा सके। एसपी की ओर से आम लोगों से सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की गयी है। आसपास के लोगों की तकलीफ को ध्यान में रखते देखते हुए तेज आवाज वाले पटाखे छोड़ने से परहेज करने की बात कही है।

## खबरें फटाफट

### बाइक लूटकांड का एक आरोपी धराया छीना मोबाइल बरामद

**आरा।** पवना थाना क्षेत्र के खोपिरा गांव के पास पिछले दिनों बाइक और मोबाइल लूट कांड में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधी पवना थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी शिवजी चौधरी का पुत्र सुदेश्वर चौधरी है। उसे बुधवार की रात उसके गांव से पकड़ा गया है। हालांकि लूटी गयी बाइक की बरामदगी अभी तक नहीं हो सकी है। दो तीन अपराधी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि तीस अक्टूबर की शाम पवना थाना क्षेत्र के अरैला गांव निवासी आशुतोष कुमार अखगांव से घर लौट रहे थे। उस दौरान खोपिरा बरखंडी मोड़ के पास तीन-चार की संख्या रहे अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर उनसे छह सौ रुपए नगद, बाइक और मोबाइल लूट ली गयी थी। उसके बाद अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटी गयी बाइक आदि की बरामदगी को लेकर एएसपी के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा लोकल इनपुट औ तकनीकी जांच के आधार पर अपराधियों की पहचान की गयी। उसके बाद पवना थानाध्यक्ष सुरेश सिंह ने बुधवार की रात भगवानपुर गांव में छापेमारी कर सुदेश्वर चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि लूटी गयी बाइक की बरामदगी और अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### दो वारंटी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद गोह उपहारा पुलिस ने थाना क्षेत्र के डडवा गांव में छापेमारी करते हुए दो वारंटी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया की सूचना मिली कि डडवा गांव निवासी फरार वारंटी मनोज साव व संतोष साव अपने घर मे ही रह रहा है। जब सत्यापन को लेकर उसके घर मे छापेमारी की गई तो घर से दोनों सहोदर भाई मनोज साव व संतोष साव को गिरफ्तार कर लिया गया।

## औरंगाबाद के शिवगंज-रफीगंज मुख्य मार्ग पर हादसा, आवागमन प्रभावित

# सुबह टहलने निकले युवक को अज्ञात वाहन ने रौंदा, लोगों ने किया सड़क जाम

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज-रफीगंज मुख्य मार्ग पर वार तकिया की है। जहां गुरूवार की सुबह यह हादसा हो गई। युवक की पहचान वार गांव निवासी विजय प्रसाद गुप्ता के 20 वर्षीय पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। इसके बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया तथा मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे जिससे यातायात प्रभावित हो गया।

घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद शंकर यादव एवं स्थानीय प्रशासन ने आक्रोशितों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया। तत्पश्चात यातायात सामान्य हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक आज सुबह टहलने के लिए निकला था जिसे एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। वह स्नातक का विद्यार्थी था। इस संबध में जिला पार्षद ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हों गई। वह सुबह टहलने के लिए घर से निकला था। इसी क्रम में वह हादसे का शिकार हो गया। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। वहीं परिजनों द्वारा प्राप्त तहरीर के अधार पर अज्ञात वाहन की खोजबीन की जाएगी।



शिवगंज-रफीगंज मुख्य मार्ग पर हुए हादसे में मृत युवक के परिजन को ढांढस बंधाते लोग।

### यारी गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

**औरंगाबाद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक किसान की मौत हो गई। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यारी गांव के समीप का है। गुरूवार की शाम यह हादसा हो गया। किसान की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के कमात निवासी 42 वर्षीय चितरंजन कुमार सिंह उर्फ.बाबू के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान किसी कार्य से देव गए हुऐ थे और वहां से अपने घर लौट रहे थे, तभी उक्त जगह एक अनियांत्रित बाइक ने टक्कर मार दी जिसमें वह एनएच -19 पर गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हों गए। जहां स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और उनके द्वारा जैसे ही आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लाया गया। जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर पहुंचे ज़िला पार्षद शंकर यादव ने शव को घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया जिसके अलोक में पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया गया। जिला पार्षद ने बताया कि चितरंजन कुमार सिंह उर्फ.बाबू किसान थे, जो घर पर रहकर कृषि कार्य करते थे। उनका एक पुत्र हैं। अपर थानाध्यक्ष प्रणव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बिजली विभाग की लापरवाही से मिस्त्री की मौत, युवा राजद नेता ने कहा - अधिकारियों पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा

**औरंगाबाद।** बुधवार की शाम एक विद्युत कर्मी की मौत हो गई। यह कोई पहली घटना नहीं है। विभाग की लापारवाही से इस तरह की घटनाएं आम बात हो गई हैं। यह बात राजद युवा नेता विक्रम यादव ने कही। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी लापरवाही से दो विद्युत मिस्त्री की मौत में हो चुकी है। इसके वावजूद विभाग लापरवाह हैं, हर साल मेला से पहले स्थानीय समाजसेवियों का एक शिष्टमंडल विभाग के अधिकारियों से मिलता है और देव स्थित पावर सब स्टेशन से लेकर पुरे नगर पंचायत क्षेत्र में ऑन द रोड या अंडर कवर वायरिंग की मांग पिछले कई वर्षो से करते आ रहा है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता है। गौरतलब है कि विश्व प्रसिद्ध देव कार्तिक छठ मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालु देश - विदेश से पहुंचते है लेकिन विभाग के उपेक्षा के कारण देव में इस तरह की अनहोनी से लोग प्रभावित होते हैं। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही के करण विश्रामपुर गांव निवासी दीपक पासवान की जान चली गई, वह मानव बल के रूप में कार्यरत था। इस घटना की जवाबदेही सहायक विधुत अभियंता देव एवं कनीय विधुत अभियंता देव की है, जिसको लेकर इनके उपर हत्या का मामला बनता है।

## एक नजर

### तेजस्वी यादव का राजद कार्यकर्ताओ ने मनाया जन्मदिन, अस्पताल में मरीजों के बीच बांटे




फले

**औरंगाबाद।** युवाओं के आईकॉन दलितों-गरीबों एवं बेरोजगारों के मसीहा तथा आर्थिक न्याय के जनक बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का राजद कार्यकताओं ने अलग अंदाज में मनाया। इस दौरान कार्यकताओं के बीच गजब का उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पुर्व सदर विधायक सुरेश मेहता के नेतृत्व में कार्यकताओं ने न सिर्फ केक काटा बल्कि सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल वितरण किया। इस मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि तेजस्वी यादव अपने वादे के अनुकूल युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राजद के प्रदेश महासचिव इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव, जिला पार्षद शंकर यादव, अनिल यादव, जिला महासचिव इंदल यादव, मुरारी सोनी, उपाध्यक्ष संजय यादव, बैजनाथ कुमार, युसूफजई आजाद अंसारी, आफताब आलम सहित कई लोगों ने सदर अस्पताल में प्रत्येक मरीज के बीच हाल वितरण का कार्य किया। इसके आलावा राजद जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुशवाहा ने केक काटकर जन्मदिन मनाया और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बधाई दी। मौके पर अशोक यादव, मुन्ना यादव, विकास कुमार, राजू कुमार, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुमन सिंह, संतोष कुमार सिंह, निषाद अहमद, प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उप प्रमुख बादशाह यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### जहानाबाद में भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंक विरोध जताया

**जहानाबाद।** जहानाबाद भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक बयान दिया था। इसको लेकर काफी विरोध हो रहा है। इस सिलसिले में भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका भाजपा के जिला महामंत्री विजय सत्कार ने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ने महिलाओं के प्रति बयान दिया है इससे बिहार महिलाओं का अपमान हुआ है ।उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री ही ऐसा बयान देंगे तो आम लोगों को क्या हाल होगा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का दिमागी संतुलन गड़बड़ा गया है। इसलिए अब इनसे बिहार नहीं चल रहा है। इसलिए इन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए उन्होंने कहा कि मेरा पार्टी मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक विरोध जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की धरती महात्मा बुद्ध की धरती है कपूरी ठाकुर की धरती है कई महापुरुषों की धरती है जहां से पूरे देश एवं विश्व में अहिंसा एवं सत्य की संदेश दी जाती है ।बिहार की धरती को कर्म भूमि माना जाता है लेकिन इस धरती से जब इस तरह की महिलाओं के लिए बात होगी तो हमारे महापुरुषों की आत्मा जहां भी होगा इस बात को सुनकर उनकी आत्मा चीख पुकार करती होगी की जो बिहार को बनाने के लिए उन्हें उन्होंने अपना बलिदान दिया। उसे बिहार में विधानसभा में खुलेआम महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। इस घटना के बाद नीतीश कुमार को एक पल भी मुख्यमंत्री पद पर नहीं बने रहना चाहिए उन्होंने कहा कि इस घटना से देश एवं विदेश में बिहार की बदनामी हुई है। मेरा पार्टी भी मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा की मांग करती है।

### सीएम के विवादित बयान का सांसद ने की निंदा कहा, माफीनामा के नाम पर दे रहे थोथी दलील

**औरंगाबाद।** भाजपा सांसद सुशील कुमार सिंह ने महिलाओं को लेकर सीएम नीतीश कुमार के बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सीएम ने नारी शक्ति का अपमान किया है। नीतीश कुमार के वक्तव्य से विश्व और देश में बिहार शर्मसार हुआ है। यह उक्त बातें सांसद ने गुरूवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि पहली बार जब इस खबर को सुना और पढ़ा तो बड़ा अजीबोगरीब लगा। विधानसभा में उनकी अमर्यादित टिप्पणी उस गरिमा और सम्मान का अपमान है, उनके भाषण के दौरान इस्तेमाल की गई ऐसी अपमानजनक और घटिया भाषा हमारे समाज पर एक काला धब्बा है। अगर कोई नेता लोकतंत्र में इस तरह ऐसी खुलेआम टिप्पणियां कर सकता है, तो कोई केवल कल्पना ही कर सकता है कि उसके नेतृत्व में राज्य को कितनी भयावहता का सामना करना पड़ रहा होगा। इस संदर्भ में दुखद बात यह भी हैं कि जिस समय विधानसभा के पटल पर सीएम इस तरह का वक्तव्य दे रहे थे उस समय बिहार के डिप्टी सीएम सहित अन्य

## शराब लदी ट्रक जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

ट्रक से लदा लाखों रूपयों की अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। यह कार्रवाई गुरूवार की दोपहर अंबा पुलिस एवं मध निषेध ने संयुक्त रूप से की है। मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही तस्करों द्वारा दीपावली के त्योहार पर शराब तस्करी के मंसूबों पर पानी फिर गया।

यह पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि बताई जा रही हैं। इस दौरान शराब की विभिन्न ब्रांड को झारखंड के रांची से लाई जा रही थी और बिहार के रोहतास ज़िले के सासाराम ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के एनएच - 139 पर दोस्ताना होटल के समीप से पकड़ा गया। पकड़े गए तस्करों की पहचान रोहतास जिले के विक्रम गंज थाना क्षेत्र के बरना गांव निवासी विजय



पासवान, सारण ज़िले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भगाईडीह गांव निवासी हेमंत महतो एवं मितिलेश महतो के रूप में की गई है।

जब्त शराब की कुल मात्रा 2212.5 लीटर है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के अधार पर उक्त जगह छापेमारी की गई जहां पुलिस को देख ट्रक खड़ी कर, तस्कर भागने की फिराक थे लेकिन पुलिस ने तीनों तस्करों को मौके पर धर दबोचा और ट्रक को जब्त कर थाना लाया गया। तालाशी के क्रम में जब्त शराब की कुल - मात्रा 2212.5 लीटर हैं। फिलहाल पकड़े गए तस्करों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस जद में जी भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध न केवल सख्त कार्रवाई की जाएंगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएंगी।

## अवैध खनन के विरुद्ध एसपी ने की कार्रवाई

- बारूण और बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र में सोन नद के विभिन्न इलाके में बालू घाटों पर ताबड़-तोड़ छापेमारी
- एसपी की कार्रवाई से बालू माफियाओं में मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

बालू के अवैध खनन और भंडारण करने के साथ-साथ ओवरलोडिंग वाहनों पर नकेल कसने की कवायद जारी है, जिसके मद्देनजर बुधवार की देर शाम एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बालू के अवैध खनन पर रोकने को लेकर औरंगाबाद जिले के बारूण एवं बड़ेम ओपी थाना क्षेत्र में सोन नद के विभिन्न इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान बालू घाटों पर ताबड़-तोड़ छापेमारी की गई जिसमें तबाड़तोड़ कार्रवाई के फलस्वरूप



अवैध खनन करने वाले बालू माफियाओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार खनन माफिया शाम ढलते ही बालू उत्खनन में जुट जाते हैं और पुरी रात चोरी-छिप्पे चल रहे, इस कारोबार को अंजाम देते हैं तथा मनमर्जी के दाम वसूलते हैं।

इस कार्रवाई में एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के अलावा सदर एसडीएम विजयंत, एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खां, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, बारुण एवं बड़ेम ओपी थानाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे। इस मामले में एसपी ने दोनों थानाध्यक्षों को बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा कि सोन नद से बालू की अवैध निकासी रोकने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन में पकड़े गए लोगों को न सिर्फ वाहन जब्त कीए जाएंगे बल्कि सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जहानाबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मनाया विधिक सेवा दिवस

# लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी: जिला जज

**केटी न्यूज/जहानबाद**

स्थानीय व्यवहार न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार में गुरुवार को स्थापना दिवस को लेकर विधिक सेवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला जज डॉ. राकेश कुमार सिंह एवं परिवार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश मोतीश कुमार सिंह,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंदिता सिंह,जावेद अख्तर, राजेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार प्रथम,रश्मि, राजेश पांडे, कौशल किशोर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रणजीत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जज डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कानूनी



सेवा दिवस हर साल 9 नवंबर को पूरे देश में मनाया जाता है। यह 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ। यह दिन लोगों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत विभिन्न प्रावधानों और वादकारियों के अधिकार के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करने और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत एनएएलएसए का गठन किया गया है। सभी नागरिकों के लिये उचित निष्पक्ष और न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस मनाया जाता है।

प्राधिकरण सचिव रंजीत कुमार एवं पैनल अधिवक्ताओं ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 39 अ अवसर की समानता के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने के लिये समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 22 (1), विधि के समक्ष समानता सुनिश्चित करने के लिये राज्य को बाध्य करता है। नालसा के कार्य नालसा देश भर में कानूनी सहायता कार्यक्रम और योजनाएं लागू करने के लिये राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण पर दिशानिर्देश जारी करता है। मुख्य रूप से राज्य कानूनी सहायता प्राधिकरण, जिला कानूनी सहायता प्राधिकरण, तालुक कानूनी सहायता समितियों आदि को निम्नलिखित कार्य नियमित आधार पर करते रहने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, सुपात्र लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना। विवादों को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से निपटाने के लिये लोक अदालतों का संचालन करना है।

# केसठ में खुलेआम चल रहा है जुआ और नशाखोरी का खेल, प्रशासन मौन

♦ डीएम ने नाथ बाबा घाट, अहिरौली घाट एवं जेल घाट तक के सभी छठ घाटों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**केटी न्यूज/केसठ**

केसठ प्रखंड में जुआ व नशाखोरी की लत तेजी से पांव पसार रही है। इसकी गिरफ्त में युवा पीढ़ी आ रही है। इन बुराइयों की वजह से अधिकांश परिवार जहां आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं तो वहीं युवाओं के कदम अपराध की दुनिया की ओर भी बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ नशीले पदार्थों की बिक्री करने वाले और जुआ-सट्टा चलाने वालों की चांदी हो रही है। बता दें कि प्रखंड के ज्यादातर बड़े गांवों के साथ कस्बों में भी जुआ-सट्टे का अवैध धंधा चल रहा है। गांवों में सुबह से ही युवक विभिन्न जगहों पर जुआ खेलने लग जाते है। बडे.गांवों में प्रतिदिन लाखों रुपये का जुआ खेला जाता है। जुए के साथ बच्चों व युवाओं में नशाखोरी की लत भी लग रही है। आलम यह है कि स्कूलों के सामने भी नशीले पदार्थ बेचने वाले जमे रहते हैं। जिससे छात्र छात्राओं पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

**स्कूली छात्र भी खेल रहे जुआ:** जुआ खेलने में स्कूली विद्यार्थी भी पीछे नहीं है। स्कूल पहुंचकर वहीं अपना बस्ता रखकर कई विद्यार्थी वहां से फरार हो जाते हैं और पहुंचते हैं इसके अड्डों पर। स्थिति इस कदर बिगड़ रही है कि बच्चे घर से किताब-कापियां खरीदने के लिए पैसे लाते हैं और उसे जुए में उड़ा देते हैं। बचपन में जुआ खेलने की बुरी लत पड़ने से उनके भविष्य भी खराब हो रहा है।

**सरेआम बिक रहा है नशा:** शराब, बीयर के साथ-साथ आजकल के युवा गांजे का भी सेवन कर रहे है। गांजे को सिगरेट में भरकर लंबे-लंबे कश लेते हुए बच्चों को देखा जा सकता है। गांजे से भरी सिगरेट के कुछ कश लगाने के बाद उन्हें होश नहीं रहता कि वे कहां हैं।

**अपराध को दे रहे अंजाम:** कई युवा ऐसे हैं जो शराब का नशा करने या फिर जुआ में रकम हारने के बाद अपराध की दुनिया में कदम रखते है। ऐसे नशेड़ी छोटी मोटी चोरियां भी करते हैं, वही कई गंभीर अपराधों में भी इनकी सक्रियता सामने आई है। हाल के दिनों में प्रखंड क्षेत्र में हुए कई वारदातों में अपराधियों के नई पौध के शामिल होने की पुष्टि हुई है।

**आसानी से मिल रहा नशीला पदार्थ:** यदि बात करें स्कूलों की तो काफी स्कूल ऐसे है जिनके बाहर लगे खोमचों पर बच्चों के खाने के सामान के साथ-साथ तंबाकू, गुटका एवं अन्य नशीले पदार्थ मिलते है। इन पर प्रशासन आज तक रोक नहीं लगा सका है। विद्यार्थी इन दुकानों से सरेआम गुटका खरीदकर खाते है।

**क्या कहते हैं लोग:** ग्रामीण विजय यादव और राजीव कुमार सिंह उर्फ सोनू का कहना है कि केसठ गांव के साथ-साथ कई गांव में जुआ और सट्टा धड़ल्ले से चल रहा है। सट्टा खेलाने वालों को पुलिस का भी कोई खौफ नहीं है। महादेवगंज मध्य विद्यालय में शाम के समय कुछ आसामाजिक तत्व हेरोइन, शराब के साथ पार्टी मानते है। इससे विद्यालय में पढ़ाई का माहौल बिगड़ रहा है। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी, मनु, आजाद, रवि पांडेय, रामजीत सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा। इन स्कूलों के पास यदि किसी दुकान या फिर खोमचे पर नशे का सामान जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटका मिला तो उनके खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा।

**इन जगहों पर सजती है जुए की महफिल:** केसठ नया बाजार सार्वजनिक शौचालय के समीप, दुर्गा स्थान नया बाजार, दुर्गा स्थान पुराना बाजार, मां भवानी मंदिर के पीछे, पुराना बाजार दलित वस्ती, बस स्टैंड केसठ, मिठाईयां पुल, सती स्थान।

## खबरें फटाफट

### मुगांव मुखिया पर महिला ने कपड़ा फाड़ने का लगाया आरोप

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के मुगांव की एक महिला ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दे पंचायत के मुखिया इंद्रजीत कुमार राय उर्फ इंदल के साथ ही उनके चार अन्य समर्थकों पर मारपीट करने, कपड़ा फाड़ने तथा नकदी व आभूषण छिनने के साथ ही पीड़िता तथा उसके बेटे का जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता अजित कुमार सिंह की पत्नी कलावती देवी ने अपने आवेदन में बताया है कि वह अपने पुत्र सोनू के साथ बाइक पर गांव के ही किसी डाक्टर के पास दवा लेने जा रही थी। तभी रास्ते में मुखिया इंदल के अलावे नागेन्द्र राय, सागर राय, संटू राय व सूरज राय ने हमे घेर लिया। इस दौरान मुखिया व नागेन्द्र ने मेरे बाल पकड़ घसीटने लगे तथा कपड़ा भी फाड़ दिया। उनके ललकारने पर उनके साथ आए लोगों ने मेरे साथ मारपीट किया तथा बीच बचाव करने आए मेरे बेटे को भी मारा गया। जाते जाते उनलोगों ने मेरे 2 हजार रूपए तथा आभूषण भी छिन लिए और मां बेटे को जान मारने की धमकी दिए है। वही इस संबंध में आरोपी मुखिया इंदल ने बताया कि जिस समय का यह घटना बताया जा रहा है उस समय वे गांव पर नहीं थे बल्कि वे डुमरांव रजिस्ट्री ऑफिस में गए थे। उन्होंने कहा कि मुझे साजिश के तहत फंसाया जा रहा है।

### बिजली चोरी के आरोप में 11 पर एफआईआर दर्ज

**चौगाईं।** विद्युत आपूर्ति शाखा चौगाईं द्वारा मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही व बंजरिया गांव में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में दोनों गांवों के कुल 11 लोगों को चिन्हित कर उनपर जुमार्ना लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया गया है। एफआईआर चौगाईं प्रशाखा जेई शैलेश कुमार ने मुरार थाने में दर्ज कराया है। बिजली कंपनी की इस कार्रवाई से दोनों गांवों में हड़कंप मचा रहा। मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि बिजली कंपनी के जेई के बयान पर एफआईआर दर्ज हुआ है।

## विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीएम-एसपी ने जारी किया संयुक्त आदेश

# दीपावली से पूर्व सभी पटाखा दुकानों के लाइसेंस और मिठाई दुकानों की करें जांच


♦ जिन दुकानदारों के पास पटाखा बेचने का लाइसेंस नहीं है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं तथा उनकी दुकान को सील कराएं

♦ बक्सर व डुमरांव नगर परिषद को मिली साफ सफाई की जिम्मेवारी

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को डीएम अंशुल अग्रवाल व एसपी मनीष कुमार ने आगामी पर्वों धनतेरस, दीपावली एवं कालीपूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण के लिए संयुक्त जिला आदेश जारी किया है। इस दौरान डीएम एसपी ने पर्व त्योहारों के मद्देनजर प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारियों, बक्सर व डुमरांव के एसडीओ तथा एसडीपीओ, जिले के सभी थानों के थानाध्यक्ष, इंस्पेक्टर, बीडीओ व सीओ को बाजार में जाकर पटाखा दुकानों के लाइसेंस का जांच करने का निर्देश दिया और कहा कि जिन दुकानदारों के पास लाइसेंस नहीं है उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएं तथा उनकी दुकान को सील कराएं।

वहीं बक्सर व डुमरांव नगर परिषद के ईओ को अपने अपने क्षेत्र में त्योहार अवधि में सफाई व्यवस्था की जिम्मेवारी दी गई। डीएम ने कहा कि दीपावली प्रकाश का पर्व है। इस पर्व में सफाई सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वही धनतेरस के मौके पर बाजार में करोड़ो का कारोबार होता है। इस दौरान चोर उचक्के भी सक्रिय रहते है। एसपी ने सभी थानाध्यक्षों से अपने अपने थाना क्षेत्र में धनतेरस पर बाजार में चौकसी बरतने तथा चोर उचक्कों पर नजर



रखने का निर्देश दिया। वही यातायाता प्रभारी त्योहार के दौरान टैजफिक व्यवस्था पर नजर बनाए रखने को कहा गया है। ताकी लोगों को आने जाने में परेशानी न हो।

**मिठाईयों की क्वालिटी परखेगी प्रशासन की टीम:** दीपावली पर मिठाईयों का भी कारोबार काफी चमकता है। दुकानदार इस दौरान नकली मावा व छेना से बनी मिठाईयों को भी खपाते है। इसे देखते हुए डीएम ने बक्सर व डुमरांव के एसडीओ के साथ ही खाद्य निरीक्षक को खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने तथा बक्सर एवं डुमरांव भी मिठाई दुकानों पर छापामारी कर नमूना एकत्र कर खाद्य निरीक्षक को जांच के लिए देने तथा दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

**आपात स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड में रहेगा अग्निशामन विभाग:** डीएम ने दीपावली पर पटाखों से लगने वाले आग को ध्यान में रखते हुए जिला अग्निशमन पदाधिकारी को किसी भी प्रकार की आगजनी की आकस्मिक घटना से निपटने के लिए फायर टेण्डर पूर्व से तैयारी हालत में रखने का निर्देश दिया। उनके पानी भरने के स्थानों को भी पूर्व से चिन्हित कर तैयारी हालत में रखने को कहा गया। उन्होंने बक्सर व डुमरांव एसडीओ को अग्निशमन ऐसे स्थानों पर रखवाने को कहा जहां से आसानी से किसी भी जगह फायर वाहन पहुंच सकें।

### अस्पतालों में 24 घंटे तैयार रहेगी बर्न यूनिट

डीएम ने बक्सर सीएस डा. एससी सिन्हा को दीपावली के दिन पटाखों से लोगों के घायल होने की सूरत में सभी अस्पतालों में आग से जलने के बाद तत्काल ईलाज के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी अस्पतालों में बर्न इन्ज्युरी के ईलाज के सभी आकस्मिक व्यवस्था पूर्व से तैयार कर लेने का निर्देश भी दिया। वही सभी सरकारी और निजी एंबुलेंस को मुश्तैद रखने तथा स्ट्रेचर आदि जरूरी संसाधानों की व्यवस्था रखने का निर्देश भी दिया।

### मॉनिटरिंग के लिए बनाया गया है नियंत्रण कक्ष

धनतेरस, दीपावली एवं कालीपूजा 2023 के दौरान विधि व्यवस्था संधारण तथा उसकी मॉनिटरिंग के लिए जिला नियंत्रण कक्ष बक्सर समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा शाखा में चिन्हित भवन में कार्यरत रहेगा। जिसका दूरभाष संख्या 06183-223333 है। जिला नियंत्रण कक्ष के सम्पूर्ण प्रभार जिला योजना पदाधिकारी विनेद कुमार सिंह, (मो0 8318580831) व आईसीडीएस की जिला प्रोग्राम पदाधिकारी रंजना कुमारी (मो0 9431005024) रहेंगे।

### अगलगी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

**बक्सर।** दीपावली व छठ के दौरान आतिशबाजी होती है। इस दौरान जरा सी लापरवाही बच्चों या घर के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। पटाखा छोड़ने के दौरान बच्चें अक्सर अपना हाथ या शरीर जला लेते है। कभी कभी दुर्घटना बड़ी भी हो जाती है। अगलगी की संभावना भी बनी रहती है। वही उच्च क्षमता के पटाखों की आवाज हमारे कानों के लिए खतरनाक है। दीपावली व छठ से पूर्व डीपीआरओ ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को पटाखा छोड़ने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी है। केशव टाइम्स उन सुझावों को आपके साथ साझा कर रही है ताकी आप भी उस पर अमल कर सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाए।

**क्या करें** - पटाखा विक्रेता भण्डारण के स्थान पर कम से कम दो वाटर कॉर्बन डाई ऑक्साइड (9 लीटर क्षमता का) तथा दो डीसीपी (6 केजी क्षमता) प्रोटेबल अग्निशामक यंत्र एवं दो ड्राम पानी अवश्य रखें। जिसके संचालन की जानकारी उन्हें तथा उनके कर्मी को भी हो। बच्चों द्वारा पटाखा चलाने के समय घर का कोई व्यस्क सदस्य वहां अवश्य उपस्थित रहें और अपने निगरानी में पटाखा फोड़वायें। बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को तंग गली या घरों के अन्दर में पटाखा न छोड़ने दें बल्कि खुले स्थान में इसे छोड़े। आतिशबाजी का प्रयोग करने से पूर्व उस पर लिखे अग्नि सुरक्षा संबंधी सावधानियों को ध्यानपूर्वक अवश्य पढे.एवं पालन करें। आतिशबाजी करते समय आस-पास में एक बाल्टी पानी अवश्य रखें। घी एवं तेल के दीपक कभी कपडे.अथवा ज्वलनशील पदार्थ के नजदीक न जलाएं।

## छठ पर बक्सर में भगवान की शिव की जटा से बहेगी गंगा की धारा

♦ विभिन्न महत्वपूर्ण घाटों पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट, रहेगी मनोरंजन की भी व्यवस्था

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर परिषद बक्सर ने स्वच्छता के साथ ही छठ पूजा को लेकर विभिन्न गंगा घाटों को आकर्षक बनाने की पहल शुरू कर दी है। इस साल नगर परिषद जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महता वाले रामरेखाघाट एवं नाथ बाबा घाट को आकर्षक रूप से सजाने की तैयारी की है। इस क्रम में नगर परिषद दोनों गंगा घाटों पर शिव की प्रतिमा गंगा के धार में लगाएगा। इसके साथ ही भगवान शिव की जटा से गंगा की धार निकलती दिखेगी। जो लोगों के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसकी तैयारी एवं कार्य योजना पूरी तरह तैयार हो गया है. जिसको छठ पर्व के पूर्व पूरा कर लेने के लिए अमली जामा पहनाने की तैयारी किया गया है।

ज्ञात हो कि नगर परिषद नगर के रामरेखाघाट पर जुटने वाली भीड को देखते हुए विशेष रूप से तैयारी किया है। जिससे अव्यवस्था कायम नहीं हो सके। नगर परिषद छठ महापर्व को लेकर कई नये प्रयोग करेगा. जिससे छठ पर्व को श्रद्धालु स्वच्छता एवं उत्सवी माहौल में मना सकें. इसके साथ ही वीर कुंवर सिंह चौक पर विशेष प्रकार का तोरण द्धार भी बनेगा। तोरण द्धार भी आकर्षक एवं विशेष प्रकार की बनाने की तैयारी की गई है। वहीं पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के सेल्फी के लिए सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कराया जाएगा. जो इस बार आकर्षण का केंद्र बनेगा।

नगर परिषद नगर के रामरेखाघाट एवं नाथ बाबा घाट को छठ व्रतियों के लिए ऐतिहासिक बनाने की योजना तैयार किया है। जिसके तहत नगर परिषद दोनों घाटों पर भगवान शिव की प्रतिमा गंगा की धारा में स्थापित करेगी। जिनके जटा से गंगा की धारा प्रवाहित होगी। इसकी कार्य योजना नगर परिषद बना लिया है। इस प्रकार का दृश्य पहली बार ऐतिहासिक एवं धार्मिक महता वाली रामरेखाघाट के साथ नाथबाबा घाट पर नगर परिषद बक्सर के सौजन्य से दिखेगा। दोनों घाटों को आकर्षक ढंग से सजाया व संवारा जाएगा। जिससे घाट पूरी तरह आकर्षित दिखे।

कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने कहा कि नगर के रामरेखाघाट एवं नाथ बाबा घाट को पूरी तरह से स्वच्छ एवं आकर्षित बनाने की तैयारी की गई। दोनों घाटों पर गंगा के जल में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित होगी। जिनकी जटा से गंगा का अवतरण दृश्य परिलक्षित होगा।

## कोर्ट ने दुष्कर्मी मौलाना को 20 वर्ष कारावास की सुनाई सजा

♦ धनसोई थाना क्षेत्र के एक नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पॉस्को कोर्ट ने मौलाना को दी सजा

**केटी न्यूज/बक्सर**

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी एक मौलाना को पॉस्को कोर्ट ने 20 वर्षों के कारावास के साथ ही दो लाख 30 हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। घटना धनसोई थाना क्षेत्र में जनवरी 2021 में हुई थी। दुष्कर्म के इस मामले में न्यायलय ने उक्त मौलाना को मंगलवार दोषी करार दिया था। लेकिन सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा गया था। जिसे विशेष न्यायाधीश कामेश्वर प्रसाद चौबे ने गुरुवार को 20 वर्षों की सजा के साथ अर्थ दंड भी लगाया। जानकारी के अनुसार अभियुक्त शाहिद अंसारी पिता कादिर अंसारी 14 जनवरी 2021 को लगभग 13 वर्षीय पीड़िता धनसोई मस्जिद में पढ़ने के लिए जाया करती थी। जहां कलयुगी मौलाना ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ चौसा डुमडेरवा ले गया तथा तीन दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। परिजनों ने उक्त मौलाना के विरुद्ध नामजद प्राथमिक दर्ज कराई थी। जिसे बाद में धनसोई, इटाढ़ी एवं बक्सर मुफस्सिल थाना के संयुक्त प्रयास से छापेमारी कर नाबालिक को चौसा से बरामद किया गया था। विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि विशेष न्यायाधीश कामेश्वर प्रसाद चौबे ने गुरुवार को फैसला सुनाया जहां अभियुक्त को 20 वर्षों के कारावास एवं दो लाख तीस हजार रुपयों जुर्माना लगाया गया है।

## दुर्घटना में जख्मी की मौत, मुआवजे के लिए घेरा थाना

**केटी न्यूज/डुमरांव**

बुधवार को सड़क दुर्घटना में जख्मी नगर के ठेलवानी मोहल्ला के रज्जाक हाशमी के 50 वर्षीय पुत्र तस्लीम हाशमी की मौत गुरूवार को इलाज के दौरान हो गई। शव आते ही मोहल्लेवालों ने शव के साथ थाना का घेराव कर मुआवजे की मांग करने लगे। इसके बाद डुमरांव बीडीओ संदीप कुमार पांडेय व थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने लोगों को समझा बुझा शांत कराया। बीडीओ ने तत्काल पीड़ित परिजनों को पारिवारिक अनुदान योजना का लाभ देने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांत हुए तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया।



वहीं इस दुर्घटना में दूसरे जख्मी भुअर सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद डाक्टरों ने छुट्टी दे दी है। बता दें कि बुधवार को दोनों एक ही स्कूटी पर बैठ खलवा ईनार से डुमरांव आ रहे थे। इसी दौरान गैस गोदाम के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में तस्लीम को गंभीर चोटें आई थी। जख्मी तस्लीम को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया था। गुरूवार की सुबह तस्लीम जिंदगी की जंग हार गया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि वह काफी गरीब परिवार से था तथा मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके तीन बच्चें है जो क्रमशः 18 वर्ष, 16 वर्ष व 14 वर्ष के है। वही घटना के बाद से ही उसकी पत्नी तारा खातून रह रहकर बेसुध हो जा रही है। डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले पिकअप चालक की पहचान कर रही है।

## एक नजर

### महापर्व छठ को देखते हुए बक्सर के ईओ ने वार्ड 23 का किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**बक्सर।** लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए लगातार निरीक्षण अभियान चला रही है। इस क्रम में गुरूवार को नगर के वार्ड नं0 23 का औचक निरीक्षण किया गया। जहां कर्मियों को सफाई कार्य करते हुए पाया गया। वहीं सफाई कर्मियों एवं सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश सफाई को लेकर दिया। इसके साथ ही नगर परिषद ईओ ने नगर के छठ घाटों पर भी भ्रमण किया तथा साफ-सफाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। घाटों की सफाई व्यवस्था के साथ उसको व्यवस्थित करने में लगे कर्मियों को तैयारी महापर्व के पूर्व हर हाल में पूरा कर लेने को लेकर निर्देशित किया। निरीक्षण के क्रम में ईओ द्वारा घाटों पर छठ व्रतियों, श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुरक्षा एवं सुविधा हेतु बैरेकेडिंग, क्यूआरटी निर्माण, अस्थाई चेंजिंग रूम बनाने, दलदली क्षेत्रों में बालू भराई, अस्थाई सीढ़ी निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं मुख्य रूप से स्वच्छता के लोक आस्था का महापर्व पर नगर क्षेत्र में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था, चुना ब्लीचिंग छिड़काव, फॉगिंग कार्य में कोई कोताही नहीं बरतने का आदेश सफाई निरीक्षकों को दिया गया। इसके साथ ही भ्रमण के दौरान नगर की सफाई के साथ ही नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत सभी घाटों की साफ-सफाई एवं समस्याओं को दूर करने के लिए नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता, मुख्य सफाई निरीक्षक को प्रतिदिन गंगा घाटों पर भ्रमण करने तथा गंगा घाटों पर आ रही समस्या का निराकरण तत्काल कराने को कहा। वार्ड में भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों से साफ-सफाई को लेकर भी बातचीत की गई। इस दौरान उन्होंने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

### केसठ पीएचसी में शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं की गई एएनसी जांच

**केसठ।** गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरूवार को स्थानीय पीएचसी में शिविर आयोजित कर प्रसव पूर्व एएनसी जांच की गई। इसकी जानकारी देते हुए डा. जय प्रकाश ने बताया कि सभी 36 गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के क्रम में महिला चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, थायराइड, आरबीएस, आरएच समेत सभी तरह की जांच की गई। एएनएम रंजू कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच करते हुए गर्भवस्था के दौरान खानपान में विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं को साफ सफाई के प्रति भी जागरूक किए एवं पोषण संबंधित सामग्री जैसे आयरन की गोलियां, कैल्शियम गोलिया, केला, सेब सहित अन्य प्रकार की सामग्री वितरण किया गया। इस मौके पर बीएमई विनोद कुमार, पप्पू कुमार, विक्की, अभिषेक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## दीपावली व छठ पर्व को लेकर मंडी की रौनक, पुलिस प्रशासन ने भीड़ वाले इलाके को किया चिन्हित

# डुमरांव में धनतेरस पर होगा करोड़ों का कारोबार, पुलिस करेगी निगरानी

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**

धनतेरस और दीपावली पर्वों को लेकर शहर की मंडियों की रौनक बढ़ गया है। व्यवसायी त्योहार को लेकर तरह-तरह के आइटमों से अपनी दुकानों को सजाया है। 10 नवंबर शुक्रवार को धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में खरीदार अपने सामानों की खरीदारी करेंगे। धनतेरस पर्व पर इस बार 30 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद जताई जा रही है। पिछले वर्ष करीब 25 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हुआ था। इस बार



अभी से ही थोक मंडियों में खरीदारों की भीड़ लगी है। मंडियों में देर रात तक चहल-पहल रहने और व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर अनुमंडल पुलिस-प्रशासन भी अपनी रणनीति बनायी है। सरार्फा बाजार, बर्तन बाजार और कपड़ा मंडियों के व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैनाती होगी। स्थानीय पुलिस की माने तो भीड़भाड़ वाले इलाके में सादे वर्दी में भी पुलिस शरारती तत्वों की निगरानी करेगी। साथ ही व्यवसायियों की सुरक्षा और खरीदारों की हिफाजत को लेकर पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। पूरे शहर में पुलिस बल द्वारा गश्ती करने का भी निर्देश दिया गया है।

**देर रात तक खुलती हैं दुकानें:** शहर के गोला रोड, स्टेशन रोड, सरार्फा बाजार सहित अन्य मंडियों की दुकानें धनतेरस पर्व पर देर रात तक खुली रहती है। इन मंडियों में हर आइटमों के खरीदार देर रात तक खरीदारी करते है। बताया जाता है कि धनतेरस पर चांदी और सोने के आभूषण, हर तरह के बर्तन, रेडीमेड कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों, मोबाइल फोन, टीवी, फ्रिज और बाइकों की अधिक बिक्री होती है।

**भीड़भाड़ वाले जगहों पर पटाखा छोड़ने पर पाबंदी:** अनुमंडल प्रशासन ने धनतेरस और दीपावली के दिन भीड़भाड़ वाले इलाके में पटाखा छोड़ने पर पाबंदी लगायी है। बताया जाता है कि धनतेरस के दिन दवा दुकानों सहित अन्य दुकानों पर दुकानदार लक्ष्मी-गणेश की पूजन करते है। इस उत्सव पर पटाखे छोड़े जाते है। अनुमंडल प्रशासन ने बीच सड़क सहित भीड़भाड़ वाले एरिया में पटाखा नही छोड़ने की अपील की है। प्रशासन का कहना है कि ऐसे जगहों पर पटाखा छोड़ने से हादसे होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके लिए पुलिस-प्रशासन चिन्हित जगहों पर विशेष निगरानी रखे जाने की व्यवस्था की है।

# एकमुश्त समाधान योजना लागू, सरचार्ज में मिलेगी 100 प्रतिशत छूटः डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश के सम्मानित उपभोक्ताओं को सुविधा देने के लिए एक मुश्त समाधान योजना प्रारम्भ किया गया है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्ट्रट के एनआईसी कक्ष में प्रेसवार्ता कर इस योजना के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के माध्यम से 08 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक जनपद के उपभोक्ताओ को लाभ मिलेगा। इसमे छोटे उपभोक्ताओ को सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही विगत में जारी आर सी वाले उपभोक्ताओं को भी छूट का लाभ मिलेगा।



उन्होने बताया कि यह योजना 08 से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल 54 दिनों तक तीन चरणों में लागू की गई है। इस योजना का पहला चरण 08 से 30 नवम्बर, दूसरा चरण 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तथा तीसरा चरण 16 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक चलेगा। इस योजना के अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं तथा किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है, इसके तहत समस्त विद्युत भार के एलएमवी-1 (घरेलू), एलएमवी-2 (वाणिज्यिक), एलएमवी-4बी (निजी संस्थान), एलएमवी-5 (निजी नलकूप) एवं एलएमवी-6 (औद्योगिक) उपभोक्ताओं को` सरचार्ज राशि पर अधिकतम 100 प्रतिशत की छूट प्रदान है। साथ ही साथ उपभोक्ताओं को उनके बकाये पर किस्तों में भुगतान की सुविधा का विकल्प भी दिया गया है।

योजना के अन्तर्गत विद्युत चोरी के प्रकरणों में सम्मिलित व्यक्तियों को एक मुश्त भुगतान या किस्तों के माध्यम से अपने जुमार्ने की राशि के निस्तारण पर छूट का अवसर प्रदान किया गया है। योजनान्तर्गत 01 कि0वा0 तक भार वाले उपभोक्ताओं द्वारा प्रथम व द्वितीय चरण में पूर्ण भुगतान पर सरचार्ज में राशि में 100 प्रतिशत की छूट तथा तीसरे चरण में 80 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसी प्रकार प्रथम एवं द्वितीय चरण में 12 किस्तों में भुगतान पर 90 प्रतिशत तथा तृतीय चरण में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 01 कि0वा० से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं को प्रथम अवधि में पूर्ण भुगतान पर 90 प्रतिशत, द्वितीय अवधि में 80 प्रतिशत तथा तृतीय अवधि में 70 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उपभोक्ताओं को अपने विद्युत बिलों को किस्तों में भी भुगतान का विकल्प दिया गया है। किस्तों को नियत अवधि में जमा न करने पर 12 किस्तों के मामले में अधिकतम कुल 03 डिफाल्ट की अनुमति होगी। किसी भी उपभोक्ता को लगातार दो डिफाल्ट की अनुमति नहीं होगी।

इसी प्रकार छः किस्तों के प्रकरण में केवल एक डिफाल्ट की अनुमति होगी तथा छः किस्तों से कम के मामलों में कोई डिफाल्ट की अनुमति नहीं होगी। योजनान्तर्गत निजी नलकूप के उपभोक्ताओं को उनके 31 मार्च 2023 तक के देय सरचार्ज एवं अन्य सभी अर्ह उपभोक्ताओं को उनके 31 अक्टूबर 2023 तक के देय

## खबरें फटाफट

### एकमुस्त समाधान योजना के तहत विद्युत उपकेंद्र पर शिविर आयोजित

**मऊ।** शासन के निर्देश पर लगातार 1 महीने तक चलने वाले विद्युत विभाग के एक मुस्त समाधान योजना की क्रम में दूसरे दिन गुरुवार को विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदाबाद ,विद्युत उपकेंद्र कर हां ,विद्युत उपकेंद्र वलीदपुर में विभाग द्वारा शिविर लगाकर अधिशासी अभियंता धनेंद्र सिंह के निर्देशन में एसडीओ नीरज कुमार और अभियंता लाल जी यादव ,राजेंद्र यादव ,अरविंद कुशवाहा ,चंद्रभूषण यादव ,उमेश यादव ,विपिन चतुर्वेदी ,राजेश सोनकर ,अरविंद कुमार ,आरपी सिंह समेत विभाग के लोगों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर लगे हुए इन तीनों स्थानों पर 88 उपभोक्ताओं को एक मुफ्त समाधान योजना का लाभ दिया गया ।इस दौरान विद्युत उप केंद्र हालिमाबाद में आठ उपभोक्ताओं के खराब विद्युत बिल को भी सही कर कर जमा कराया गया ।राजस्व के रूप में 323000 की प्राप्त हुई, इस दौरान एसडीओ विद्युत नीरज कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि शासन द्वारा 100% ब्याज माफी इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को काफी लाभ प्राप्त होगा और वह कई किस्तों में भी अपने विद्युत बिलों का भुगतान करेंगे। जिससे उप भोक्ता कठिनाइयों से भी बचेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आप सभी लोग कनेक्शन लेकर ही इसका उपयोग करें।

### हत्या की सूचना पर एएसपी व फोरेंसिक टीम पहुंची, की छानबीन

# निमंत्रण खाने घर से निकले बकवा गांव के युवक की गला रेतकर हत्या

**केटी न्यूज/बासंडीह**

कोतवाली क्षेत्र के बकवा गांव के बाजार स्थित ट्रांसफार्मर के पास खेत में बुधवार की रात बदमाशों ने एक युवक की गला रेतकर हत्या कर दी। खेत जोतने गए ट्रैक्टर के चालक ने बोरे को खून से लतपथ देखा। तब ट्रेक्टर ने शोर मचाया। इसके बाद सैकड़ो की भीड़ इकट्ठा हो गई। गांव के प्रधान ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारीएस एन बैश्य व प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद सिंह मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के बकवा गांव निवासी इरफान उम्र 21 वर्ष पुत्र सिराजुद्दीन घर से लगभग साढ़े आठ बजे अपने पिता से कहकर निमंत्रण खाने बांसडीह के लिये घर से गया और फिर नही लौटा। इरफान का मोबाइल भी स्विच ऑफ था। घर वाले काफी खोजबीन किये पर कही पता उसका नही चला । सुबह ट्रेक्टर लेकर खेत जोतने गए चालक ने बोरे को खून से लतपथ देख हतप्रभ हो गया। उसने हो हल्ला मचाना शुरू किया। देखते देखते गाँव के सैकड़ो लोग इकठे हो गए। ग्राम प्रधान प्रतीक सिंह ने इसकी सूचना प्रभारी निरीक्षक को दी। प्रभारी निरीक्षक ने घटना की सूचना अपने उच्चाधिकारियों को दी।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा शंकर तिवारी क्षेत्राधिकारी एस एन बैश्य सहित कई थानों की फोर्स पॅहुच घटना की छानबीन में जुट गई।और शव का पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की हत्या किसने की? क्यों की?



इन तमाम बिंदुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

स्वजनों के अनुसार इरफान बुधवार की देर शाम घर से बिना कुछ कहे निकला था। उसके कुछ देर बाद उसने घरवालों को फोन कर बताया था कि वह बांसडीह किसी निमंत्रण में जा रहा है। खाना खाकर लौटेगा। इसके बाद घरवाले पूरी रात उसका इंतजार करते रहे लेकिन वह नही लौटा। इस दौरान उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ हो गया था।

**घर से महज 50 मीटर दूर मिला शवः** मृतक इरफान के हत्यारों ने हत्या के बाद उसके शव को बोरे में डालकर उसके घर से महज 50 मीटर दूर ट्रांसफार्मर के पास फेंक दिया था। देर रात शव वहां कैसे पहुचा हत्यारों का क्या इरादा था। पूरी घटना को लेकर ग्रामीणों के बीच चर्चा होती रही। लेकिन इस प्रकरण की वास्तविकता



अभी सामने आनी बाकी है। इस संबंध में एडिशनल एसपी दुर्गा शंकर तिवारी ने बताया कि घटना के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही घटना का अनावरण कर दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### नौ लाख रुपए की शराब के साथ सदर कोतवाली पुलिस ने तीन तस्करों को दबोचा

**चंदौली।** सदर कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को चेकिंग के दौरान फुटिया गांव के समीप स्कोर्पियो से तस्करी कर रहे तीन शराब तस्करों को धर दबोचा जिनके पास से 57 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व 543 लीटर बीयर बरामद किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख बतायी जा रही है। उक्त मामले का खुलासा सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने कोतवाली में किया। इस दौरान कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम फुटिया गांव के समीप चेकिंग अभियान चला रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तीन शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब लेकर स्कोर्पियो द्वारा हरियाणा से बिहार की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर तीनों शराब तस्करों को धर दबोचा, जिनके पास से 57 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व 543 लीटर बियर बरामद किया गया। तीनो गिरफ्तार अभियुक्त निरंजन कुमार निवासी ग्राम बढैल थाना रोह जिला नेवादा बिहार, दीपक कुमार सिंह निवासी इन्द्रपुरी कालोनी थाना पाटलीपुत्र जिला पटना बिहार, विमलेश कुमार यादव निवासी ग्राम जयप्रकाश नगर थाना राजीव नगर पटना बिहार के है। पूछताछ में बताया कि बिहार में शराब बंदी होने के कारण शराब हरियाणा से लाकर बिहार बेचने का काम करते हैं। पुलिस टीम ने उपनिरीक्षक सूरज सिह, अमित कुमार मिश्रा, रावेन्द्र सिह, विजय कुमार, शब्बीर अहमद मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने किया क्रय केंद्र मंडी स्थल और मंडी समिति का निरीक्षण

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बृहस्पतिवार को क्रय केंद्र मंडी स्थल एवं मंडी समिति का निरीक्षण कर वहां पर क्रय किए गए धान, बाजरा और मक्का के बारे में विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। क्रय केंद्र मंडी स्थल के निरीक्षण के दौरान सहायक विपणन अधिकारी ने बताया कि अभी तक 239 कृषकों द्वारा सत्यापित अभिलेख मंडी स्थल पर जमा किया गया है और 25 कुंतल धान, 58 कुंतल बाजरा और 39 कुंतल मक्के की खरीदारी हुई है, इस पर जिलाधिकारी ने इतनी काम खरीदारी होने पर नाराजगी व्यक्त की और कहा कि फसल उगाने वाले कृषकों से संपर्क कर अधिक से अधिक कृषकों को सरकार के उचित समर्थन मूल्य से लाभान्वित किया जाए।



क्रय केंद्रों पर किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के अनुपस्थित मिलने पर जिलाधिकारी ने उनके वेतन रोकने और स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिया। उन्होंने मंडी समिति में भी इन फसलों के शीघ्र क्रय करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रय केंद्रों पर कृषकों का किसी प्रकार का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दुल्लहपुर में जहरीली खरपतवार खाने से दो मासूमों की मौत

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के बेचू लाल दुल्लहपुर मठिया गांव में आज सुबह उस वक्त लोगों में हड़कप मच गया। जब दो मासूम बच्चियों का अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत से परिजनों सहित गांव में मातम का माहौल है। मालूम हो कि बेचू लाल दुल्लहपुर गांव में 15 घरों का बासफोर बस्ती है ,यह बस्ती के लोग आज भी अपने पुश्तैनी धंधे बास के फट्टियो से सूप, दौऊरी, खांची, डाली बनाकर बिक्री कर जीविका चलाते हैं। लेकिन गांव में उस वक्त मातम छा गया जब दो मासूम बच्चियों का अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

जो बच्चियां गांव और घर के किलकारियां बनी हुई थीं आज एक छोटी सी बस्ती में किलकारियां अब दूर हो गई यह दृश्य हर लोगो को जेहन में आ रही है। परिजनो ने बताया कि मंगलवार की दोपहर को



दोनों बच्चियों घर के पास ही खेलते हुए सड़क किनारे लगी झाड़ियां में मटर जैसी एक खरपतवार जिसको हूरहूर बोलते है को तोड़कर बच्चियों खा रही थी। जिसको लोगो ने देखा लेकिन इसका अंदाजा नहीं हो पाया की यह खरपतार इन मासूम के लिए काल बन जायेगी।

मंगलवार को खरपतवार खाने के बाद रात में उल्टी शुरू हुई। लोगों ने गांव के एक निजी चिकित्सालय में दिखाए जहां पर चिकित्सक ने तत्काल अच्छे डॉक्टर को दिखाने का सलाह दी। इसके बाद दुल्लहपुर के निजी अस्पताल में ले जाकर मासूम को भर्ती किया गई ।जहां पर बच्चों का बोतल का पानी चढ़ाने के अलावा इलाज भी किया गया। हालत में सुधार नहीं हुआ तो तत्काल मऊ के अस्पताल में ले जाकर बुधवार को भर्ती किया। जिसमें अन्नू ढाई वर्ष पुत्री जितेंद्र बासफोर की 2:00 बजे दिन में मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही अन्नू की मां पूनम देवी और तीन बहन रोने बिलखने लगे। अन्नू चार बहनों में सबसे छोटी थी। उधर 3 वर्षीय चांदनी पुत्री अनिल बासफोर की इलाज फातिमा अस्पताल मऊ में चल रही थी । अभी लोगों ने अन्नू का दाह संस्कार नहीं किया की कुछ पल में ही चांदनी के भी मौत की खबर मिलने से चांदनी की मां सोना देवी और बड़ा भाई रोने बिलखने लगा। इस गांव में एक छोटी सी गरीब की बस्ती में दो मासूमों की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चांदनी की मां सोना देवी रोते बिलखते हुए यह कह रही थी कि चांदनी कहा है। रोज ककहरा पढ़ रही थी। आखों से क्यों ना दिख रही क्या आंखे में अंधी हो गई। आज सुबह परिजनों ने मंगई नदी के पास दाह संस्कार कर दिया। समाजसेवी उज्जवल कुमार ने कहा कि बच्चियों को समय से बेहतर इलाज मिलते तो शायद उनकी जान बच जाती।

### चंदौली के कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व से संबंधित हुई समीक्षा बैठक

# पांच वर्ष से अधिक पुराने मुकदमे को शीघ्र निस्तारित करें अधिकारी: डीएम

**केटी न्यूज/चंदौली**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की अध्यक्षता में गुरुवार को कर करेत्तर एवं राजस्व से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों से राजस्व वसूली की प्रगति के बारे में जानकारी ली और राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कर करेत्तर की समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों से लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली होने का कारण पूछा और राजस्व संग्रहण में शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान आबकारी, व्यापार कर विभाग के अधिकारियों ने शासन स्तर से लक्ष्य अधिक बढ़ा देने का आश्वासन दिया गया। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अपने विभाग में वार्ता करने और साथ ही अधिक प्रयास कर के वसूली गति तीव्र करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने पांच वर्ष से अधिक लंबित मुकदमे में सुनवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि ऐसे पुराने मुकदमे अभियान चलाकर शीघ्र निस्तारित किया जाए। बैठक के दौरान प्रवर्तन के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति के संबंध में खनन विभाग की प्रगति अच्छी पाई गई। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी ने जनपद के दस बड़े बकायेदारों (सुभाष यादव, अन्नपूर्णा गेस्ट हाउस, कल्पनाथ यादव, शकुंतला देवी, आरती कोल) आदि के संबंध में कार्यवाही करते हुए बैंक देय की वसूली कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, आबकारी, विद्युत, परिवहन, व्यापार कर, बाट माप तौल एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 11 नवंबर को हजारों दीपों से जगमगाएगा सुभाष पार्क

**पीडीडीयू नगर।** नगर के लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सामूहिक रूप से त्योहार मनाने के उद्देश्य से ग्रीन हाउस क्लब के तत्वावधान में 11 नवंबर को सुभाष पार्क में दीप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुभाष पार्क को दीपों से सजाने की योजना तैयार की गई है। आगामी 11 नवंबर को शाम चार बजे क्लब के सदस्यों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग सुभाष पार्क में पहुंचेंगे और पौधों के साथ दीपोत्सव का पर्व मनाएंगे। प्रत्येक व्यक्ति से 21 दीया, बाती और तेल लेकर आने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम में पिता संस्था, परिवर्तन सेवा संस्थान, खाना बैंक ट्रस्ट, उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद, मानव उत्थान सेवा समिति, साहित्य जागृति चंदौली, श्री विश्वकर्मा मंदिर सेवा ट्रस्ट, मुगलसराय बार एसोसिएशन सहित कई अन्य संस्थाएं भाग ले रही हैं। क्लब के अध्यक्ष पवन तिवारी ने बताया कि लोगों को पर्यावरण के साथ जोड़ने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के सदस्यों ने शिवरात्रि पर भोलेनाथ के साथ-साथ पौधों का भी जलाभिषेक किया था। इसी प्रकार पौधों के साथ होली खेलने के अलावा रक्षाबंधन पर उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनकी रक्षा का संकल्प भी लिया गया था। उन्होंने आम नागरिकों से भी सुभाष पार्क पहुंचकर दीपोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

## एक नजर

### आजीविका मिशन की महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों के मेले का डीएम ने किया उद्घाटन



**गाजीपुर।** रायफल क्लब परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्कृष्ट उत्पादों की बिक्री के लिए दो दिवसीय दीपावली मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा फीता काटकर किया गया। मेले में समूहों द्वारा तैयार किये जा रहे विभिन्न उत्पाद यथा वाल हैंगिंग, धूपबत्ती, अगरबत्ती, डिटर्जेंट, मशाला, गोबर का दिया, सेनेटरी पैड, आवला वर्फी, वर्मी कम्पोस्ट, चायपत्ती, मैट, रुई बत्ती, मोमबत्ती, श्रृंगार सामग्री, तोरण, मूर्ति, दिया, टेडी वियर एवं स्लीपर आदि ब्रिक्री के लिए उपलब्ध है। मेले में जनपद के सभी विकास खण्डों के कुल 37 स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टाल लगाया गया है। जिसका जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने भम्रण कर लगाये गये उत्पादो का अवलोकन तथा साथ ही स्वयं सहायता समूहों के महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, उपायुक्त श्रम रोजगार, समस्त सहायक विकास अधिकारी, जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लाक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सीडीओ ने ली मातहतों की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**गाजीपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में 09 नवंबर 2023 को विकास भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजनान्तर्गत जनपद में अनुसूचित जाति बाहुल्य कुल 207 गांवों का चयन भारत सरकार द्वारा किया गया है। जिसमें से 60 गांवों की ग्राम विकास योजना (वीडीपी) जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) द्वारा तैयार की गई थी। जिसे समिति के समक्ष विचार एवं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा ग्राम विकास योजना का परीक्षण किया गया तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था- यूपी सिडको गाजीपुर को पुनः सम्बन्धित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यकता परक मूल्यांकन कर संशोधित ग्राम विकास योजना एक सप्ताह के अन्तर्गत पुनः समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के द्वितीय घटक ग्रान्ट इन एड पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन सह - अभिसरण समिति द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराकर समाज कल्याण विभाग से लाभान्वित कराये जाने के लिए कुल 10 परियोजनाओं को अनुमोदन/स्वीकृति प्रदान की गई। यह 10 परियोजनाएं निम्नवत है। ई-रिक्शा योजना, मिनी डेयरी फार्म, दोना एवं प्लेट निर्माण, सुकर पालन, हस्तशिल्प कला(व्क्व्च) जूट प्रोडक्ट, मशरूम की खेती, बकरी पालन, टेलरिंग शॉप व्यवसाय, मधुमक्खी पालन, टेंन्ट हाउस। इस योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को समूह के माध्यम से ऋण प्रदान कर लाभान्वित किया जायेगा। जिसमें प्रति लाभार्थी परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम रू० 50,000/- मात्र समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्रदान किया जायेगा।

### पूर्व विधायक ने वृद्धजनों संग बांटी दीवाली की खुशी



**चंदौली।** प्रकाश पर्व दीपावली के ठीक पहले मनोज सिंह डब्लू त्यौहार की खुशियां साझा करने गुरुवार को वृद्धाश्रम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना और उनके बीच फल व कंबल का वितरण किया। कहा कि त्यौहारों का असल उद्देश्य लोगों में खुशियां बांटना है आप वृद्धजनों के बीच दीवाली की खुशियां बांटकर जो खुशी व सुकून मिला है और अनमोल है। सपा नेता मनोज सिंह डब्लू को अपने बीच पाकर वृद्धजन भी प्रसन्नचित नजर आए और उन्होंने जाते-जाते उन्हें अपने आशीष से नवाजा। इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को आगामी दिनों में ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण किया गया। साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए फल का भी वितरण किया गया। इस दौरान अखिलेश सिंह, मुन्नीलाल मौर्य, मो. अजहर, छोटू सिंह आदि मौजूद रहे।

### असुरों का संहार करने के लिए ही हुआ था श्री राम का अवतार: निरजानंद शास्त्री महाराज

**ताराजीवनपुर (चंदौली)।** नवयुवक मंगल दल के तत्वावधान में सहरोई गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के तीसरे दिन बुधवार को श्री राम का जन्म होते ही पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक निरजानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते हैं। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते हैं। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस दौरान रामनिवास मिश्रा,मिंटू मिश्रा, प्रदीप मिश्रा,राहुल मिश्रा, अमित कुमार मिश्रा, रोहित, , हरगेन मिश्रा आदि उपस्थित थे।